

# जल गुणवत्ता रिपोर्ट 2023

इस रिपोर्ट में आपके पीने के पानी और 2022 से परीक्षण के परिणामों बारे में ज़रूरी जानकारी दी गई है।

PWS ID 05575B

# आपका पानी कहाँ से आता है

आप रोज़ाना जो साफ़ और सुरक्षित पानी पीते हैं, वो Cedar River से और Tolt River के दक्षिणी हिस्से से आता है। यह पानी Cascade Water Alliance (Cascade) के ज़रिये मिलता है, जो अपनी सदस्य जनोपयोगी सेवाओं की ओर से अपना पानी Seattle Public Utilities से खरीदता है। Cascade के पास Lake Tapps भी है, जिसे ज़रुरत पड़ने पर नगरपालिका के पीने के पानी के भावी स्रोत के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। Cascade वो नगर निगम है, जिसकी स्थापना, क्षेत्र में नगरपालिकाओं को पानी का विश्वसनीय स्रोत प्रदान करने के लिए 1999 में की गई थी। इसमें Bellevue, Issaquah, Kirkland, Redmond, Tukwila, Sammamish Plateau Water, और Skyway Water व Sewer District शामिल हैं। अपने समुदाय के लिए भविष्य में साफ़, सुरक्षित और भरोसेमंद पीने के पानी की उपलब्धता को निर्धारित करने में हरेक सदस्य की राय ली जाती है। इसके अलावा, Cascade अपनी सभी पार्टनर एजेंसी निवासियों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और बड़े स्तर पर समुदाय के लिए प्रोग्राम, इवेंट्स, आउटरीच और शिक्षा के लिए प्लान करता है और उन्हें लागू करता है। ये प्रोग्राम, समझदारी से पानी का इस्तेमाल करने के सबसे अच्छे तरीके दर्शाने में और मुफ़्त संरक्षण चीज़ें और संसाधन प्रदान करने के बारे में मदद करते हैं, जिन्हें www.cascadewater.org पर पाया जा सकता है। आज पानी बचाने का मतलब है, भविष्य में पानी के अतिरिक्त स्रोत विकसित करने की ज़रूरत को कम करना है। Cascade अब और भविष्य में पानी की क्षेत्रीय आपूर्ति संबंधी ज़रूरतों के लिए सहयोगात्मक प्लान बनाने के लिए, अपने सदस्यों के साथ-साथ, Central Puget Sound क्षेत्र में पानी के मुख्य प्रदाताओं के साथ काम करता है। इससे ये सुनिश्चित होगा कि भविष्य में और कुदरती या अन्य आपातकालीन स्थितियों में पानी उपलब्ध रहेगा। Bellevue Utilities और Cascade अब और भविष्य में हमारी पानी से जुड़ी ज़रूरतों को पूरा करन का प्लान कर रहे हैं।



Cedar River वॉटरशेड:

# जल उपचार




आपके स्वास्थ्य की रक्षा करने और पानी की गुणवत्ता में सुधार के लिए, Tolt River और Cedar River से हमारी पीने के पानी की सप्लाई अल्ट्रावॉयलेट लाइट (ultraviolet, UV) और ओज़ोन से रोगाणुमुक्त होती है। ओज़ोन का इस्तेमाल करके रोगाणु मुक्त करना, क्रिप्टोस्पोरिडियम और दूसरे सूक्ष्म जीवों को नष्ट करने में बहुत प्रभावी होता है। हैज़ा, गियारडायसिस और साल्मोनेलोसिस जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए और पानी के वितरण प्रणाली में होने के दौरान, दुबारा संदूषित होने से रक्षात्मक बचाव के तौर पर काम करने के लिए आपके पानी में क्लोरीन मिलायी जाती है। 2022 में, आपके पीने के पानी में क्लोरीन का औसतन स्तर 0.88 भाग प्रति मिलियन (parts per million, ppm) था। 1968 के सिएटल पब्लिक वोट के अनुसार, दांतों की सड़न को रोकने के लिए उपचार के दौरान फ्लोराइड मिलाया जाता है। 2022 में, आपके पीने के पानी में फ्लोराइड का औसतन स्तर 0.7 ppm था। इसके अलावा, pH स्तरों (अम्लता का माप) को 8.2 के लक्ष्य तक बढ़ाने के लिए पानी की सप्लाई में सोडियम हाइड्रोक्साइड मिलाया जाता है। पाइपलाइन के लिए पानी को कम क्षयकारी बनाने के लिए और सीसे (lead) और तांबे की मात्रा, जो पीने के पानी में घुल सकते हैं, को कम करने के लिए इन pH स्तरों को एडजस्ट किया जाता है। उपचार करने के बाद, आपके पानी में बहुत कम संदूषित पदार्थ रह जाते हैं, और मौजूद तत्व निम्न प्रकार से स्वीकार्य सीमाओं में होते हैं।

## US EPA (Environmental Protection Agency) से जानकारी

पीने के पानी के स्रोतों (नल के पानी और बोतलबंद पानी दोनों) में, नदियाँ, झीलें, नाले, तालाब, जलाशय, झरने और कुएं शामिल हैं । चूंकि पानी, भूमि की सतह के ऊपर से या ज़मीन के ज़रिये गुज़रता है, तो ये कुदरती रूप से मिलने वाले खनिजों, कुछ स्थितियों में, रेडियोएक्टिव सामग्री; और जानवरों की मौजूदगी से या मानवीय गतिविधि से आने वाले पदार्थों को घुला देता है। बोतलबंद पानी सहित, पीने के पानी में उचित तौर पर बहुत कम मात्रा में कुछ संदूषित पदार्थों के होने की संभावना हो सकती है। ज़रूरी नहीं कि इन संदूषित पदार्थों की मौजूदगी से पानी से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो। संदूषित पदार्थों और स्वास्थ्य संबंधी संभावी प्रभावों के बारे में और जानकारी Environmental Protection Agency (EPA) की सुरक्षित पेय जल हॉटलाइन से 1-800-426-4791 पर ली जा सकती है। आम आबादी के मुकाबले कुछ लोग, पीने के पानी में संदूषित पदार्थों के प्रति ज़्यादा संवेदनशील हो सकते हैं। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर होती है जैसे कि केमोथिरेपी करवाने वाले कैंसर से पीड़ित लोग, ऐसे लोग जिनका अंग प्रत्यारोपण हुआ हो, HIV/AIDS से पीड़ित लोग या रोग प्रतिरोधक क्षमता के अन्य विकारों से पीड़ित लोग, कुछ बुज़ुर्ग, और खास तौर से बच्चों को संक्रमणों से जोखिम हो सकता है। इन लोगों को अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदातों से पीने के पानी के बारे में सलाह लेनी चाहिए। क्रिप्टोस्पोरिडियम और दूसरे सूक्ष्म संदूषकों द्वारा संक्रमण के जोखिम को कम करने के लिए Environmental Protection Agency/ Centers for Disease Control के दिशा-निर्देश सुरक्षित पेय जल हॉटलाइन से 1-800-426-4791 पर उपलब्ध हैं।

साल भर आपके पानी को व्यापक तौर पर मॉनिटर किया जाता है और उसे टेस्ट किया जाता है। लगभग 200 रासायनिक यौगिकों को टेस्ट करने के बाद, सिर्फ़ कुछ ही पाए गए (नीचे दी गई तालिका देखें)। अगर आप उन रासायनिक यौगिकों की पूरी लिस्ट देखना चाहते हैं जिन्हें टेस्ट किया गया था लेकिन पता नहीं चला, तो कृपया Water Quality को 425-452-6192 पर कॉल करें या bellevuewa.gov/drinkingwaterquality पर जाएँ।

| | | EPA की स्वीकार्य सीमाएँ | | Cedar River के पानी में स्तर | | Tolt River के पानी में स्तर | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पता चला यौगिक | यूनिट्स | MCLG | MCL | औसत | रेंज़ | औसत | रेंज़ | विशिष्ट स्रोत |
| **अशुद्ध पानी** | | | | | | | | |
| कुल ऑर्गनिक कार्बन | ppm | लागू नहीं | TT | 0.72 | 0.39 से 0.97 तक | 1.24 | 1.10 से 1.41 | वातावरण में कुदरती रूप से मौजूद |
| **तैयार पानी** | | | | | | | | |
| गंदलापन | NTU | लागू नहीं | TT | 0.35 | 0.19 से 1.93 तक | 0.04 | 0.02 से 0.24 तक | मृदा अपवाह |
| आर्सेनिक | ppb | 0 | 10 | 0.43 | 0.34 से 0.52 तक | 0.28 | 0.22 से 0.38 तक | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| बेरियम | ppb | 2000 | 2000 | 1.26 | 1.02 से 1.43 तक | 1.21 | 1.14 से 1.30 तक | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| ब्रोमेट | ppb | 0 | 10 | 0.4 | ND से 5 तक | ND | ND | पीने के पानी को रोगाणुमुक्त करने का बाय-प्रोडक्ट |
| फ्लोराइड | ppm | 4 | 4 | 0.7 | 0.6 से 0.8 तक | 0.7 | 0 से 0.8 तक | पानी का योज्य, जो दाँतों को मज़बूत बनाने में सहायक होता है |
| नाइट्रेट | ppm | 10 | 10 | 0.1 | एक सैंपल | 0.1 | एक सैंपल | कुदरती तलछटों का क्षरण |
| कुल ट्राईहैलोमीथेन्स | ppb | लागू नहीं | 80 | औसत = 24<br>रेंज़ = 11.8 से 32.8 तक | | | | पीने के पानी के क्लोरीनेशन करने के बाय-प्रोडक्ट |
| हैलोएसिटिक एसिड्स (5) | ppb | लागू नहीं | 60 | औसत = 32<br>रेंज़ = 16.3 to 51.7 | | | | |
| क्लोरीन | ppm | MRDLG = 4 | MRDL = 4 | औसत = 0.88<br>रेंज़ = 0.05 – 1.83 | | | | सूक्ष्म जीवों को कंट्रोल करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पानी के योज्य |



| सीसे और तांबे को मॉनिटर करने के नतीजे (Bellevue) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पैरामीटर और यूनिट्स | MCLG | एक्शन लेवल* | 2020 नतीजे** | होम्स हद से ज़्यादा एक्शन लेवल | स्रोत |
| सीसा, ppb | 0 | 15 | 5.1 | 62 में से 0 | घरेलू नलसाज़ी प्रणालियों का क्षरण |
| तांबा, ppm | 1.3 | 1.3 | 0.16 | 62 में से 0 | |

*संदूषक की सांद्रता, जो अगर हद से ज़्यादा हो जाती है, तो उपचार या दूसरी ज़रूरतों को ट्रिगर करती है जिनका पालन जल प्रणाली को करना चाहिए।
** 90वां पर्सेंटाइल: यानी 90 प्रतिशत सैंपल दिखाई गई कीमतों से कम थे।

सीसे के बढ़े हुए स्तरों के मौजूद होने पर स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएँ पैदा हो सकती हैं, ख़ासकर गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए। पीने के पानी में सीसा, ख़ास तौर पर सर्विस लाइनों और घर की पाइपलाइन से जुड़े पदार्थों और तत्वों से आता है। अच्छी गुणवत्ता वाला पीने का पानी प्रदान करना Bellevue Utilities की ज़िम्मेदारी है, लेकिन ये पाइपलाइन तत्वों में इस्तेमाल किए जाने वाले पदार्थों के प्रकार पर कंट्रोल नहीं रख सकता। जब आपका पानी कई घंटों तक ठहरा रहता है, तो आप पानी को पीने या खाना बनाने के लिए इस्तेमाल करने से पहले, 30 सेकंड से 2 मिनट तक अपने नल को पूरा चलाकर सीसे के संपर्क की संभावना को कम कर सकते हैं। अगर आप अपने पानी में सीसा होने को लेकर चिंतित हैं, तो आप अपने पानी को टेस्ट करवा सकते हैं। पीने के पानी में सीसा मौजूद होना, टेस्टिंग के तरीके, और जोखिम को कम करने के लिए आपके द्वारा उठाए जा सकने वाले कदमों की जानकारी सुरक्षित पेय जल हॉटलाइन या http://www.epa.gov/safewater/lead पर उपलब्ध है।



## पिछले पेज पर मौजूद टेबल के लिए परिभाषाएँ

**अधिकतम संदूषण स्तर लक्ष्य (Maximum Contaminant Level Goal, MCLG):** अधिकतम संदूषक स्तर लक्ष्य - पीने के पानी में एक संदूषक का वो स्तर जिसके नीचे स्वास्थ्य के लिए कोई ज्ञात या अपेक्षित जोखिम न हो। MCLGs एक बचाव की गुंजाइश की अनुमति देता है।

**अधिकतम संदूषण स्तर (Maximum Contaminant Level, MCL):** अधिकतम संदूषक स्तर - पीने के पानी में अनुमत संदूषक का अधिकतम स्तर। सबसे अच्छी उपलब्ध उपचार तकनीक का इस्तेमाल करके MCLs को MCLGs के जहाँ तक हो सके निकट सेट किया जाता है।

**अवशिष्ट कीटाणुनाशक का अधिकतम स्तर (Maximum Residual Disinfectant Level ,MRDL):** अवशिष्ट कीटाणुनाशक का अधिकतम स्तर - पीने के पानी में अनुमत कीटाणुनाशक का अधिकतम स्तर। इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि सूक्ष्म संदूषकों के नियंत्रण के लिए कीटाणुनाशक मिलाना ज़रूरी है।

**अधिकतम अवशिष्ट कीटाणुनाशक स्तर लक्ष्य (Maximum Residual Disinfectant Level Goal ,MRDLG):{** अधिकतम अवशिष्ट कीटाणुनाशक स्तर लक्ष्य - पीने के पानी के कीटाणुनाशक का वो स्तर जिसके नीचे स्वास्थ्य के लिए कोई ज्ञात या अपेक्षित जोखिम नहीं है। MRDLGs सूक्ष्म संदूषकों को कंट्रोल करने के लिए कीटाणुनाशकों के इस्तेमाल के फ़ायदों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं।

**टमेंट तकनीक (Treatment Technique, TT):** उपचार तकनीक - पीने के पानी में दूषित पदार्थों के स्तर को कम करने के उद्देश्य से एक ज़रूरी प्रक्रिया।

**नेफ़ेलोमेट्रिक टर्बिडिटी यूनिट (Nephelometric Turbidity Unit, NTU):** नेफ़ेलोमेट्रिक टर्बिडिटी यूनिट - टर्बिडिटी इसका माप होता है कि पानी कितना साफ़ दिखाई देता है। 2022 में, एक महीने में कम से कम 95% नमूनों में जो गंदलापन MCL सीडर की सप्लाई में इस्तेमाल किया गया था, वो 5 NTU है और टोल्ट की सप्लाई के लिए ये 0.3 NTU था। 2022 में 100% टोल्ट के सैंपल 0.3 NTU से कम थे।

**लागू नहीं:** लागू नहीं **ND:** पता नहीं चला

**ppm:** 1 भाग प्रति मिलियन = 1 mg/L = 1 मिलीग्राम प्रति लीटर

**ppb:** 1 भाग प्रति बिलियन = 1 ug/L = 1 माइक्रोग्राम प्रति लीटर

**1 ppm** =1000 ppb

# आपका पानी कैसा है सुरक्षति

पानी हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए बहुत ज़रूरी है। हम इसका इस्तेमाल अपनी कॉफ़ी बनाने के लिए करते हैं। हम इसका इस्तेमाल अपनी पानी की बोतलों को भरने के लिए करते हैं। इसका इस्तेमाल हम अपना खाना बनाने के लिए करते हैं। इसके अलावा, हम इसका इस्तेमाल कई सफ़ाई के कामों के लिए करते हैं - बर्तन, कपड़े धोना, नहाना और घर के आसपास। पानी के बिना, हम एक दिन भी बहुत ज़्यादा समय तक गुज़ारा नहीं कर सकते। फ़िर भी हम आम तौर पर इसके बारे में बहुत ज़्यादा नहीं सोचते; हम बिना सोचे बस नल चालू कर देते हैं। Bellevue Utilities के पास प्रोफ़ेशनल लोगों की एक समर्पित टीम है जो ये सुनिश्चित करती है कि आपको 24/7 सुरक्षित और भरोसेमंद पेय जल मिले।

नीचे **बैरियर** के प्रकार दिए गए हैं जो आपके पीने के पानी को स्रोत से आपके नल तक सुरक्षित रखते हैं।

**फ़िज़िकल बैरियर** बाहरी दूषित पदार्थों को पेय जल सप्लाई में प्रवेश करने से रोकती हैं।

- पुराने वॉटर मेन को बदलने के लिए चालू वॉटर मेन रीप्लेसमेंट प्रोग्राम।
- जल जलाशयों का निरीक्षण और सफ़ाई उनकी बाहरी अखंडता को सुनिश्चित करने और पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए की जाती है।
- आपके स्वास्थ्य की रक्षा करने और दूषित पदार्थों को दूर रखने के लिए वॉटर मेन रिपेयर के कड़े तरीके।
- व्यापक वॉटर मेन इंस्टॉलेशन प्रक्रियाएँ ये सुनिश्चित करने के लिए कि नए इंस्टॉल किए गए पाइप हमारे पीने के पानी को ले जाने के लिए सुरक्षित हैं।



**हाइड्रॉलिक बैरियर** पानी के दबाव को बनाए रखते हैं।

- पाइप के टूट जाने पर भी पानी का दबाव दूषित पदार्थों को बाहर रखता है। इससे ये सुनिश्चित हो जाता है कि पानी बहता रहता है और ये दूषित पदार्थों को पाइप में जाने से रोकता है।
- प्रबंधित पम्पिंग के ज़रिये, पानी को एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जाता है ताकि उसे हमारी पूरी वितरण प्रणाली में ताज़ा रखा जा सके




**पानी की गुणवत्ता के लिए बैरियर** में समय-समय पर सैम्पलिंग करना शामिल है।

- हर महीने 150 बैक्टीरियोलॉजिकल सैंपल लिए जाते हैं।
- साल भर में कई रासायनिक विश्लेषण, कीटाणुशोधन बाय-प्रोडक्ट्स सहित, सैकड़ों क्लोरीन वेरिफ़िकेशन सैंपल।
- वितरण प्रणाली में 18 विश्लेषक लगातार क्लोरीन, pH, और तापमान को 24/7 मॉनिटर करते हैं।



Bellevue में
**5,900**
फ़ायर हाइड्रेंट्स हैं।



# जल गुणवत्ता इमरजेंसी

वॉटर मेन का टूट जाना मुमकिन है। कभी-कभी, हमें बहुत ज़्यादा सावधानी बरतने हेतु पानी उबालने से जुड़ा नोटिस जारी करने की ज़रुरत पड़ती है। पानी उबालने का नोटिस सिर्फ़ अस्थायी होता है और आम तौर पर दो दिनों के लिए ही होता है। इससे हमें पानी की गुणवत्ता को वेरिफ़ाई करने के लिए सैंपलिंग का समय मिल जाता है। पानी उबालने के नोटिस या अन्य भाषा में अनुवादों के बारे में अपडेट की गई जानकारी के लिए bellevuewa.gov/boil-water-notice पर जाएँ या कोड को स्कैन करें।




Utilities

Date

Time

**Boil Water Notice**

Boil your water before drinking
Đun sôi nước trước khi uống
Кипятите воду перед употреблением
Hierva el agua antes de beberla
飲む前に水道水を煮沸してください
수돗물을 끓여서 드세요
請將水煮沸後再飲用

पीने से पहले अपना पानी उबाल लें


For updated information, please visit BellevueWA.gov/Boil-Water-Notice

See reverse for more information

Bellevue में

**610**

मीलों तक के वॉटर मेन हैं।






Bellevue में

**24**

जलाशय हैं।

# बैकफ़्लो को रोकना

## हमारे पीने के पानी को साफ़ और सुरक्षित रखने के लिए




### बैकफ़्लो असेंबली डिवाइस का पता लगाएँ या इंस्टॉल करें।

अगर आपकी अंडरग्राउंड सिंचाई प्रणाली है, तो देखें कि क्या आपकी बैकफ्लो असेंबली मौजूद है। बैकफ्लो असेंबली पीतल का एक वाल्व होता है, जो आम तौर पर आपके पानी के मीटर और उस जगह के बीच होता है, जहाँ आपकी वॉटर सर्विस लाइन आपके घर के अंदर आती है, आम तौर पर ये मीटर बॉक्स जैसे एक छोटे हरे बॉक्स में होता है। अगर आपकी सिंचाई प्रणाली में बैकफ्लो असेंबली शामिल नहीं है या अगर आप नई अंडरग्राउंड सिंचाई प्रणाली इंस्टॉल कर रहे हैं, तो City of Bellevue प्लंबिंग कोड के अनुसार आपको कम से कम डबल चेक वाल्व असेंबली (Double Check Valve Assembly, DCVA) ज़रूर लगानी होगी।

### साल में एक बार अपनी बैकफ्लो असेंबली की जाँच करें।

एक बार इंस्टॉल या स्थित हो जाने के बाद, आपको स्टेट-सर्टिफ़ाइड बैकफ़्लो असेंबली टेस्टर द्वारा हर साल जाँच करनी चाहिए। इससे ये सुनिश्चित हो जाता है कि असेंबली पीने के सार्वजनिक पेय जल को सुरक्षित करने के लिए अच्छी तरह से काम कर रही है। स्टेट-सर्टिफ़ाइड टेस्टर्स की लिस्ट या बैकफ़्लो असेंबली टेस्टिंग से जुड़े किसी भी सवाल के लिए, कृपया City of Bellevue बैकफ़्लो प्रिवेंशन से 425-452-4201 पर संपर्क करें या bellevuewa.gov/backflow पर जाएँ।

### अपनी सिंचाई प्रणाली की अच्छी तरह से देखरेख करें।

अपनी सिंचाई प्रणाली को सर्दी के लिए तैयार करते समय, हमारी पानी की वितरण प्रणाली में गलती से हवा को जाने से रोकने के लिए, सुनिश्चित करें कि कंप्रेस की हुई हवा, अच्छी तरह से इंस्टॉल किए गए ब्लोआउट कनेक्शन से कनेक्ट की हुई है।

# पानी का इस्तेमाल दक्षता

हमारे समुदाय की आज और आगे की ज़रूरतों के लिए पानी की सुरक्षित, भरोसेमंद सप्लाई प्रदान करने के लिए पानी का समझदारी से इस्तेमाल करना बहुत ज़रूरी है।

2022 में, Bellevue Utilities ने अपने कस्टमर्स को 5.8 बिलियन गैलन पानी सप्लाई किया। Bellevue का वॉटर सिस्टम पूरी तरह से मीटर्ड है। शहर अपनी पूरी वितरण प्रणाली में रिसाव की वजह से होने वाले पानी के नुकसान को कम करके पानी के समझदारी से इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी भूमिका निभाता है। 2022 में कुल खपत में, वितरण प्रणाली रिसाव या पानी का नुकसान 5.6 प्रतिशत था, जो वॉशिंगटन राज्य के स्टैंडर्ड से 10 प्रतिशत कम है।

हमारे समुदाय की आज और आगे की ज़रूरतों के लिए पानी की सुरक्षित, भरोसेमंद सप्लाई प्रदान करने के लिए पानी का समझदारी से इस्तेमाल करना बहुत ज़रूरी है। Bellevue और दूसरे सदस्यों की ओर से, Cascade 2019 - 2024 की समयावधि के लिए प्रति दिन 0.5 मिलियन गैलन की संचयी पेयजल बचत प्राप्त करने के लिए ज़रूरी पहुँच, शिक्षा और कार्यक्रम संबंधी संसाधनों को समर्पित करता है। ये प्रोग्राम और सेवाएँ पूरे क्षेत्र में जल दक्षता और जल संसाधनों के प्रबंधन को बढ़ावा देते हैं और इनके द्वारा 2022 में प्रति दिन 11,553 गैलन पानी की अनुमानित बचत की गई। 2019-21 की बचत के साथ, यह Cascade के 2019 - 24 जल उपयोग दक्षता लक्ष्य का 48% प्रतिनिधित्व करता है।

2022 Cascade जल दक्षता कार्यक्रम की हाइलाइट्स के लिए, bellevuewa.gov/drinkingwaterquality पर जाएँ।



# जल अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (Frequently Asked Questions, FAQs)


## Bellevue का पीने का पानी भारी है या हल्का?

Bellevue का पीने का पानी बहुत हल्का है। अपने कपड़ों या डिशवॉशिंग मशीनों के लिए स्पेशल वॉटरसॉफ्टेनर्स का इस्तेमाल करना ज़रूरी नहीं है। पानी का "भारीपन" और "हल्कापन" इसमें खनिजों के गाढ़ेपन के कारण होता है, जैसे कि कैल्शियम और मैग्नीशियम। जब पानी में खनिज की कम मात्रा होती है, तब पानी को "ज़्यादा हल्का" माना जाता है। Bellevue के पीने के पानी में लगभग 1.44 ग्रेन प्रति गैलन या 24.6 mg/L का भारीपन होता है।



## मेरा पिचर फ़िल्टर थोड़ा हरा क्यों दिखता है?

पिचर टाइप के पानी के फ़िल्टर ख़ास तौर से कार्बन फ़िल्टर होते हैं, और पीने के पानी से कीटाणुनाशक, क्लोरीन को हटाने के लिए कार्बन फ़िल्टर बहुत प्रभावी होते हैं। इसलिए, फ़िल्टर किए गए पानी में माइक्रोब्स के पनपने का खतरा होता है। अगर



परिस्थितियाँ अनुकूल हों, तो वायुजनित शैवाल, कवक, या फ़फ़ूंदी फ़िल्टर किए गए पानी में ज़्यादा तेज़ी से पनपने लगते हैं। इस तरह के फ़िल्टर का इस्तेमाल करने के लिए, पिचर को रेफ्रिजरेटर में रखना सुनिश्चित करें ताकि वो ठंडा रहे और धूप से बचा रहे। इसके अलावा, पिचर को नियमित रूप से साफ़ करें और निर्माता के निर्देशों का पालन करते हुए कार्ट्रिज को बदलें।

## क्या मुझे अपने पानी को टेस्ट करवाना चाहिए?

Bellevue के पीने के पानी की सुरक्षा और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर उसे टेस्ट और मॉनिटर किया गया है। 24/7 पानी की गुणवत्ता को मॉनिटर करने वाले 16 ऑनलाइन एनालाइज़र्स के अलावा, हर महीने 150 बैक्टीरियोलॉजिकल सैंपल कलेक्ट किए जाते हैं। इसके अलावा, व्यापक रासायनिक विश्लेषण हर तिमाही में किया जाता है। अगर आप स्व-संचालित परीक्षण के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, तो हम स्टेट-सर्टिफ़ाइड पेयजल प्रयोगशाला का इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं और किसी भी घरेलू टेस्ट किट या ऑनलाइन विक्रेताओं से बचें जो राज्य द्वारा प्रमाणित न हों। एक प्रमाणित प्रयोगशाला के बारे में जानकारी के लिए, कृपया ecology.wa.gov/Regulations-Permits/Permits-certifications/Laboratory-Accreditation पर विज़िट करें। सैंपलिंग के परिणाम या टेस्टिंग से जुड़े सवालों के लिए, कृपया 425-452-6192 पर जल गुणवत्ता से संपर्क करें।

## सिंकों में और निकास नलियों के आसपास गुलाबी या काले दाग क्यों होते हैं?

वे गुलाबी या काले दाग, वायुजनित खमीर, फ़फ़ूंदी और/या बैक्टीरिया का मिश्रित जीवाणु-संवर्धन हैं, जो नमी वाली जगहों में पैदा होते हैं। वे आपके पीने के पानी से नहीं होते। इनकी मौजूदगी ख़ासकर गर्मियों में बढ़ जाती है, जब नमी और ज़्यादा गर्म तापमान, सूक्ष्म जीवों की वृद्धि दर को बढ़ा देते हैं। बार-बार सफ़ाई से इन्हें हटाया जा सकता है।



## मेरा पानी सफ़ेद और दूधिया दिखाई देता है। मुझे क्या करना चाहिए?

पानी में सूक्ष्म हवा के बुलबुलों की वजह से पानी का सफ़ेद या दूधिया होने की सबसे ज़्यादा संभावना होती है। अगर आप पानी को एक साफ़ गिलास में रखते हैं और देखते हैं, तो पानी लगभग दो मिनट में नीचे से साफ़ हो जाना चाहिए। वातन से कोई स्वास्थ्य जोखिम नहीं होता है और ये हमारी वितरण प्रणाली या घरेलू प्लंबिंग सिस्टम में पैदा हो सकता है। अगर आपको कोई चिंता है तो कृपया Bellevue Utilities जल गुणवत्ता से संपर्क करें।



## मेरे नल से बेतरतीब ढंग से काला पानी निकल रहा है और फ़िर जल्दी से गायब हो जाता है। ये क्या है?

बेतरतीब ढंग से काले रंग का पानी दिखाई देना आमतौर पर पुराने होते गर्म पानी के टैंक से संबद्ध है। बेहद महीन काले कण गर्म पानी की टंकी के आंतरिक क्षरण से होते हैं। एक विशिष्ट बिजली या गैस गर्म पानी की टंकी की सर्विस लाइफ़ लगभग 8 से 10 साल होती है। अगर आप कभी-कभार काले पानी का अनुभव कर रहे हैं और आपकी गर्म पानी की टंकी आठ साल से ज़्यादा पुरानी है, तो आप अपनी गर्म पानी की टंकी को बदलने का प्लान कर सकते हैं।

## अगर मेरे पानी में असामान्य गंध, स्वाद या दिखावट है तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए?

आपके पानी की गंध, स्वाद या रंग में बदलाव, ज़रूरी तौर पर स्वास्थ्य संबंधी चिंता नहीं है। हालाँकि, कभी-कभार बदलाव समस्याओं का संकेत हो सकते हैं। अगर आप अपने पानी में कोई बदलाव देखते हैं, तो कृपया 425-452-7840 पर Bellevue Utilities को कॉल करें।



City of Bellevue Utilities
PO Box 90012
Bellevue, WA 98009-9012

PRSRT STD
U.S. Postage
PAID
Bellevue, WA
Permit NO. 61

**ECRWSS**
**POSTAL CUSTOMER**

## ज़रूरी संपर्क जानकारी

City of Bellevue Utilities
Operations and Maintenance
2901 115th Ave NE, Bellevue WA 98004
सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7:00 बजे– शाम 3:30 बजे
ईमेल: OMSupport@bellevuewa.gov
वेबसाइट: www.bellevuewa.gov/utilities

यूटिलिटीज़ कर्मचारी 24 घंटे आपात स्थिति से निपटने के लिए ऑन-कॉल मौजूद रहते हैं। पीने के पानी की गुणवत्ता, क्रॉस कनेक्शन और बैकफ्लो असेंबली टेस्टिंग, वॉटर मेन ब्रेक्स, बाढ़, सीवर ओवरफ्लो, या प्रदूषक फैल के सवालों या मदद के लिए, कृपया 425-452-7840 पर कॉल करें।

गैर-कार्य के समय के दौरान, आपातकालीन कॉल्स का जवाब ऐसे स्टाफ़ द्वारा दिया जाता है, जो आपात स्थिति में उपयुक्त सहायक कर्मचारी से संपर्क करेगा।

जुड़े रहें! Environmental Services Commission एक नागरिक समूह है, जो Bellevue City Council को उपयोगिताओं संबंधी मुद्दों पर सलाह देता है। मीटिंग की तारीखों और दूसरी जानकारी के लिए ESC@bellevuewa.gov पर ईमेल करें या bellevuewa.gov/ESC पर विज़िट करें।

यूटिलिटी बिलिंग 425-452-6973
अपना यूटिलिटी बिल का ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए, कृपया यहाँ विज़िट करें
myutilitybill.bellevuewa.gov

परमिट प्रोसेसिंग 425-452-4898
mybuildingpermit.com

MyBellevue ऐप यहाँ उपलब्ध है:

Google Play | App Store

रिपोर्ट्स को ऑनलाइन देखने के लिए स्कैन करें

इस रपिोर्ट में आपके पीने के पानी के बारे में बहुत ज़रूरी जानकारी है। इसे दूसरी भाषाओं में पढ़ने के लिए, **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** पर वज़िटि करें

本报告包含与您的饮用水有关的重要信息。如需阅读其他语言版本，请访问
**www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

本報告內含關於您飲用水的重要資訊。 若需要使用其他語言閱讀此資訊，請參觀網站
**www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

इस रिपोर्ट में आपके पीने के पानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है। इसे अन्य भाषाओं में पढ़ने के लिए **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** पर जाएं

本報告書にはあなたの飲料水に関する重要な情報が記載されています。 英語以外の言語でお読みになる場合、**www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality** をご覧ください。

이 보고서에는 식수에 관한 중요한 정보가 들어 있습니다. 다른 언어로 읽으시려면, 다음 웹페이지를 방문하십시오: **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Este informe contiene información importante acerca del agua potable. Para leerla en otros idiomas, visite **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Данный отчет содержит важные сведения о питьевой воде в вашем регионе. На других языках он доступен по адресу: **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

Các báo cáo này chứa các thông tin quan trọng về nước uống của quý vị. Để đọc bằng các thứ tiếng khác, truy cập **www.bellevuewa.gov/drinkingwaterquality**

वैकल्पिक फॉर्मेट्स, दुभाषियों या किफ़ायती आवास अनुरोधों के लिए कम से कम 48 घंटे पहले कृपया 425-452-6168 (वॉइस) पर फ़ोन करें या adatitleVI@bellevuewa.gov पर ईमेल करें। आवास संबंधी शिकायतों के लिए City of Bellevue अमेरिकी विकलांग अधिनियम (Americans with Disabilities Act, ADA)/Title VI Administrator (टाइटल VI एडमिनिस्ट्रेटर) से 425-452-6168 (वॉइस) पर संपर्क करें या adatitleVI@bellevuewa.gov पर ईमेल करें। अगर आपको श्रवण संबंधी विकार या सुनने में परेशानी है तो 711 डायल करें। सभी मीटिंग्स के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध होती है।